तेजी से चल रहा है मेट्रो 3 कॉरिडोर का काम

मेट्रो के 21 स्टेशनों का 90 फीसदी काम पूरा

वरिष्ठ संवाददाता, मुंबई: सीप्ज से कोलाबा के बीच दिसंबर 2023 से मेट्रो की नई सेवाएं शुरू हो जाएंगी। मेट्रो 3 कॉरिडोर के 21 स्टेशन करीब तैयार हो गए हैं। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसी) ने इस कॉरिडोर पर 26 स्टेशनों में से 21 स्टेशनों का निर्माण कार्य करीब 90 प्रतिशत तक पूरा कर लिया है। एक साथ कई विभागों का कार्य प्रगति पथ पर है। सिविल वर्क के साथ ही स्टेशन परिसर में उपकरणों को लगाने का काम भी तीव्र गति से चल रहा है। 18 स्टेशनों पर उपकरण लगाने का काम करीब 50 फीसदी तक पूरा कर लिया गया है।

मुंबई में कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच पहली भूमिगत मेट्रो का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस कॉरिडोर पर दक्षिण मुंबई में कफ परेड स्टेशन का निर्माण कार्य 95 प्रतिशत और सीप्ज स्टेशन का निर्माण कार्य 96.6 फीसदी तक पूरा हो चुका है। इसके अलावा, विधान भवन स्टेशनका काम 93 प्रतिशत, एमआईडीसी स्टेशन का कार्य भी 96 फीसदी तक पूरा हो चुका है। मार्च 2021 से इस कॉरिडोर के ट्रैक बिछाने का काम चल रहा है। अब तक ट्रैक बिछाने का काम 56 प्रतिशत तक पूरा हुआ है। 33.5 किमी मार्ग के इस रूट पर अप और डाउन दिशा को मिला कर कुल 66.07 किमी. ट्रैक बिछाए जाने हैं। पूरे मार्ग पर करीब 10,745 मैट्रिक टन ट्रैक का इस्तेमाल किया जाएगा।

उपनगर के स्टेशनों की स्थिति

स्टेशन	स्टेशन वर्क	सिस्टम वर्क
कफ परेड	95	65.6
विधान भवन	93.5	64.8
चर्चगेट	92.7	54
हुतात्मा चौक	89	47
सीएसएमटी	90.7	60.8
कालबादेवी	77.2	39.1
गिरगांव	62.9	38.6
ग्रांट रोड	78.2	38.6
मुंबई सेंट्रल	87.2	49.7
महालक्ष्मी	86.6	46
साइंस म्यूजियम	87.3	51.2
आचार्य अत्रे चौक	85.4	42.6
वर्ली	86.6	51.2
सिद्धिविनायक	94.9	63.7
दादर	90	49.4
शीतला देवी	90	51.1

स्टेशन	स्टेशन वर्क	सिस्टम वर्क
धारावी	89.2	54.4
बीकेसी	90.3	54.9
विद्यानगरी	91.4	58.4
सांताक्रुज	87.6	52.7
सीएसएमआइए (टी 1)	89.8	60.6
सहार रोड	89.5	62.8
सीएसएमआइए (टी 2)	90.9	63.4
मरोल नाका	93.7	67.6
एमआईडीसी	96.6	86
सीप्ज	96.6	84.5



मौजूदा समय में कोलाबा से सीप्झ के बीच सीधे कई रेल सेवा नहीं है। इस रूट पर रोजाना लाखों लोग सफर करते हैं। इस कॉरिडोर के शुरू होने से लोगों का काफी समय बचेगा। इस रूट का सफर कुछ मिनट में ही पूरा करना संभव हो सकेगा। साउथ मुंबई को उपनगर से जोड़ने वाले इस मेट्रो लाइन को राज्य सरकार ने दो फेस में शुरू करने का निर्णय लिया है। सरकार ने इस वर्ष के अंत तक सीप्ज से बीकेसी और जून 2024 से पूरे रूट पर सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा है। पहले फेस का निर्माण कार्य 85.2 प्रतिशत और दूसरे फेस का निर्माण कार्य 76 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।